**<u>लोक सभा</u>**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3340**

**09 दिसंबर, 2019 को उत्तर के लिए**

**कोकिंग कोल**

**3340. श्री सुशील कुमार सिंहः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2015 से 2019 तक आयातित कोकिंग कोल, घरेलू स्रोतों से उत्पादित कोकिंग कोल और 'सेल' की रक्षित खानों से उत्पादित कोयले पर भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) का वर्ष-वार अलग-अलग कुल व्यय कितना है;

(ख) वर्ष 2015 से आज तक उन घरेलू ठेकेदारों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है जिनसे कोकिंग कोल का आयात किया गया है; और L-1 की नीलामी में कितनी राशि की बोली लगाई गई;

(ग) इसमें सभी सहभागी कंपनियों/ठेकेदारों की कंपनियों की सूची क्या है और इन ठेकेदारों ने कितनी राशि की बोली लगाई है;

(घ) क्या सेल 'द्वारा' इनमें से किसी संविदा को रद्द किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो रद्द की गई ऐसी सभी संविदाओं का ब्यौरा क्या है और इन्हें रद्द करने के क्या कारण हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात मंत्री** **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): वर्ष 2015-16 से 2018-19 तक पीसीआई कोयला सहित आयातित कोयला और सेल की खदानों से प्राप्त घरेलू कोकिंग कोयला एवं कोयले पर वर्षवार व्यय का विवरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ रुपये में)

| वर्ष | पीसीआई* सहित आयातित कोयला | घरेलू कोयला पर व्यय (एक्स वाशरी/खान) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सीआईएल से कोकिंग कोयला | सीआईएल से कच्चा कोकिंग कोयला | कैप्टिव से कोकिंग कोयला |
| 2015-16 | 10448 | 814.48 | 197.93 | 339.29 |
| 2016-17 | 13871 | 1276.08 | 306.05 | 360.33 |
| 2017-18 | 20543 | 1054.13 | 342.45 | 523.50 |
| 2018-19 | 23704 | 793.01 | 94.98 | 468.03 |

* उतराई तक की लागत

(ख) और (ग): वर्ष 2015-16 से सेल ने दीर्घ अवधि करारों/ईओआई के माध्यम से आयातित कोकिंग कोयले की खरीद की है। वर्ष 2015-16 से 2019-20 के दौरान आयातित कोकिंग कोयला तथा कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) से स्वदेशी कोयले की आपूर्तिकर्ताओं का विवरण निम्नानुसार है:

| वर्ष | घरेलू कोयले के आपूर्तिकर्ता | आयातित कोयले के आपूर्तिकर्ता |
|---|---|---|
| 2015-16 | कोल इंडिया लिमिटेड (बीसीसीएल/सीसीएल/डब्ल्यूसीएल) | मेसर्स बीएचपी ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स साउथ 32 सिंगापुर, मेसर्स एंग्लो अमेरिकन ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स पीबॉडी ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स एल्फा कोल यूएसए, मेसर्स एलएंडके यूएसए, मेसर्स सॉलिड एनर्जी न्यूजीलैंड, मेसर्स आईसीवीएल मॉरीशस |
| 2016-17 | कोल इंडिया लिमिटेड (बीसीसीएल/सीसीएल/डब्ल्यूसीएल) | मेसर्स बीएचपी ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स साऊथ 32 सिंगापुर, मेसर्स एंग्लो अमेरिकन ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स पीबॉडी ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स एल्फा कोल यूएसए, मेसर्स एलएंडके यूएसए, मेसर्स सॉलिड एनर्जी न्यूजीलैंड, मेसर्स आईसीवीएल मॉरीशस, मेसर्स टेक कोल कनाडा |
| 2017-18 | कोल इंडिया लिमिटेड (बीसीसीएल/सीसीएल) | मेसर्स बीएचपी ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स साऊथ 32 सिंगापुर, मेसर्स एंग्लो अमेरिकन ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स पीबॉडी ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स कोन्टुरा यूएसए, मेसर्स एलएंडके यूएसए, मेसर्स सॉलिड एनर्जी न्यूजीलैंड, मेसर्स आईसीवीएल मॉरीशस, मेसर्स टेक कोल कनाडा, मेसर्स एकेटी इंडोनेशिया, मेसर्स वेल मोजाम्बिक, मेसर्स केस्ट्रेल ऑस्ट्रेलिया |
| 2018-19 | कोल इंडिया लिमिटेड (बीसीसीएल/सीसीएल) | मेसर्स बीएचपी ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स साऊथ 32 सिंगापुर, मेसर्स एंग्लो अमेरिकन ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स पीबॉडी ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स कोन्टुरा यूएसए, मेसर्स एलएंडके यूएसए, मेसर्स आईसीवीएल मॉरीशस, मेसर्स टेक कोल कनाडा, मेसर्स एकेटी इंडोनेशिया, मेसर्स केस्ट्रेल ऑस्ट्रेलिया |
| 2019-20 | कोल इंडिया लिमिटेड (बीसीसीएल/सीसीएल) | मेसर्स बीएचपी ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स साऊथ 32 सिंगापुर, मेसर्स एंग्लो अमेरिकन ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स पीबॉडी ऑस्ट्रेलिया, मेसर्स कोन्टुरा यूएसए, मेसर्स एलएंडके यूएसए, मेसर्स आईसीवीएल मॉरीशस, मेसर्स टेक कोल कनाडा, मेसर्स एकेटी इंडोनेशिया, मेसर्स केस्ट्रेल ऑस्ट्रेलिया |

(घ) और (ङ): अमेरिका से उत्पन्न होने वाले कोकिंग कोयला की आपूर्ति के लिए एक परीक्षणार्थ आदेश को विनिर्दिष्ट गुणवत्ता मानकों के अनुरूप न होने के कारण रद्द कर दिया गया है। इस मामले में मध्यस्थता जारी है।

****